प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी भोपाल

दिनांक 06.02.2025 समय: 7.10 PM

**मुख्य समाचार :-**

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव का जवाब देते हुए कहा- हमारा मॉडल नेशन फर्स्ट है।
- प्रदेश की सोलहवीं विधानसभा का बजट सत्र 10 मार्च से शुरू होकर 24 मार्च तक चलेगा।
- मुख्यमंत्री डा मोहन यादव ने गणतंत्र दिवस परेड में भाग लेने वाले प्रदेश के एनएसएस विद्यार्थियों को किया सम्मानित।
- शिवपुरी में वायुसेना का मिराज 2000 लड़ाकू विमान दुर्घटनाग्रस्त, पायलट सुरक्षित ।

**प्रधानमंत्री राज्यसभा**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज राज्यसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर जवाब दिया। उन्होंने सरकार के सबका साथ- सबका विकास पर जोर देते हुए अपने भाषण में बाबा साहब अंबेडकर, आरक्षण, सामान नागरिक संहिता, आदिवासी और दिव्यांग जैसे विषयों का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि देश की जनता ने हमें तीसरी बार लगातार सेवा का मौका दिया। ये बताता है कि देश की जनता ने हमारे विकास के मॉडल को परखा है, समझा है और समर्थन दिया है। हमारा मॉडल- नेशन फर्स्ट है। इसी भावना के साथ हम देश की नीतियों पर काम करते हैं।'

**उन्होंने कहा कि** आज जब पूरी दुनिया भारत की आर्थिक शक्ति को पहचान रही है और भारत की विकास दर देख रही है, तो हर भारतीय को इस पर गर्व है। श्री मोदी ने कहा कि हम सभी जनता के प्रतिनिधि हैं और जनता के सेवक हैं।

**बजट सत्र**

प्रदेश की सोलहवीं विधानसभा का बजट सत्र आगामी 10 मार्च से शुरू होकर 24 मार्च तक चलेगा। इस 15 दिवसीय सत्र में सदन की कुल नौ बैठकें होंगी । बजट सत्र के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार अपना पहला पूर्ण बजट पेश करेगी। सत्र की शुरुआत 10 मार्च को राज्यपाल मंगूभाई पटेल के अभिभाषण के साथ होगी। इस संबंध में आज विधानसभा सचिवालय द्वारा अधिसूचना जारी कर दी गई है। विधानसभा के प्रमुख सचिव एपी सिंह ने बताया कि मध्य प्रदेश की 16वीं विधानसभा का यह पंचम सत्र होगा। इस सत्र के लिए विधानसभा सचिवालय में अशासकीय विधेयकों की सूचनाएं 19 फरवरी तथा अशासकीय संकल्पों की सूचनाएं 6 मार्च तक प्राप्त की जाएगी ।

**मुख्यमंत्री स्कूटी**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि राज्य सरकार द्वारा प्रावीण्य सूची के बच्चों को स्कूटी का वितरण किया जा चुका है। अब बच्चे अपनी पसंद और आवश्यकता के अनुसार पेट्रोल या इलेक्ट्रिक स्कूटी खरीद सकते हैं। इसके लिए सभी जिलों को राशि पहुंचा दी गई है। मुख्यमंत्री ने

कहा कि आधुनिक समय में बच्चों के बौद्धिक विकास में लैपटॉप सहायक है, जल्द ही कार्यक्रम आयोजित कर विद्यार्थियों को लैपटॉप के लिए राशि अंतरित की जाएगी। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को जो अपनी प्रतिभा, मेहनत और लगन के बल पर उपलब्धि अर्जित कर रहे हैं उन्हें प्रोत्साहित करना राज्य शासन का दायित्व है।

**गेहूं पंजीयन**

प्रदेश में अभी तक 62 हजार 77 किसानों ने गेहूं उपार्जन के लिए पंजीयन कराया है। किसान 31 मार्च तक पंजीयन करा सकते हैं। वर्ष 2025-26 के लिए गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2 हजार 425 रूपये घोषित किया गया है। यह गत वर्ष से 150 रूपये अधिक है। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत ने किसानों से आग्रह किया है कि गेहूं की बिक्री के लिए समय-सीमा में पंजीयन जरूर करायें।

**विमान दुर्घटना**

शिवपुरी जिले के बेहटा गांव में आज वायुसेना का मिराज 2000 लड़ाकू विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय प्रशासन, पुलिस और दमकल की टीमें मौके पर पहुंच गईं। दोनों पायलट सुरक्षित बाहर निकल आए और इस घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। हालांकि, दुर्घटना का कारण अभी पता नहीं चल पाया है। भारतीय वायुसेना ने घटना की जांच के आदेश दे दिए हैं।

**मुख्यमंत्री एनएसएस**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज मुख्यमंत्री निवास में एक समारोह के दौरान नई दिल्ली में 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस परेड में भाग लेने वाले मध्यप्रदेश के एनएसएस विद्यार्थियों को मेडल प्रदान कर सम्मानित किया एवं उन्हें उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना के तीन शब्दों में ही आगे बढ़ने का सार है.

**साइबर धोखाधड़ी**

भारतीय रिजर्व बैंक-आरबीआई के अनुसार वित्त वर्ष 2022-23 में दो सौ सत्तर करोड़ रुपये से अधिक की धोखाधड़ी के 6 हजार 699 मामले दर्ज किये गए. इसी तरह वित्त वर्ष 2023-24 में एक हजार चार सौ सत्तर करोड़ से अधिक राशि के उनतीस हजार से अधिक मामले दर्ज किए गए। राज्यसभा में एक लिखित प्रश्न के उत्तर में वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने कहा कि सरकार ने डिजिटल धोखाधड़ी के खतरे से निपटने के लिए कई उपाय किए हैं। इनमें बैंकों को इंटरनेट, मोबाइल बैंकिंग, कार्ड भुगतान आदि जैसे विभिन्न भुगतान चैनलों के लिए सुरक्षा नियंत्रण के एक सामान्य न्यूनतम मानक को लागू करने का निर्देश दिया गया है। होशंगाबाद के पुलिस अधीक्षक गुरकरण सिंह ने भी इंटरनेट पर सावधानी बरतने की अपील की है.

**समाचार संक्षेप :-**

- सीहोर के जिला रोजगार कार्यालय , जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र एवं आईटीआई द्वारा प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में 11 फरवरी युवा संगम के तहत जिला स्तरीय रोजगार-स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेला का आयोजन किया जा रहा है ।
- खरगोन कलेक्टर सुश्री भव्या मित्तल ने लापरवाही बरतने पर दौड़वा संकुल के अंतर्गत शासकीय प्राथमिक विद्यालय पछाया के प्रधान पाठक को निलंबित कर दिया है।
- 38वें राष्ट्रीय खेलों में शूटिंग के 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन पुरुष इवेंट में ऐश्वर्य प्रताप सिंह ने रजत पदक हासिल किया है।
- शाजापुर में आज लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की मंत्री श्रीमती सम्पतिया उइके ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की समीक्षा में जल जीवन मिशन के कार्यो को मार्च 2025 तक पूरा करने के निर्देश दिए।
- छतरपुर में राजस्व प्रकरणों और सेवाओं को दुरुस्त बनाने के लिए कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने आज तहसील कार्यालय का औचक निरीक्षण किया।
- अशोकनगर जिले में मां जानकी करीला धाम में रंगपंचमी पर 18 मार्च से 20 मार्च तक लगने वाले तीन दिवसीय वार्षिक मेले की तैयारियों की आज समीक्षा की गयी.
- देवास जिले में पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा पशुपालन एवं पशु कल्याण जागरूकता माह मनाया जा रहा है। इसके अन्तर्गत विकासखण्ड स्तरीय एवं जिलास्तरीय उपचार एवं टीकाकरण शिविरों तथा संगोष्ठी कार्यशालाओं का आयोजन किया जा रहा है।
- केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया एवं सांसद रोडमल नागर के संसदीय क्षेत्र गुना जिले की चारों विधानसभाओं में पारंपरिक खेलों को बढ़ावा देते हुए सांसद खेल महोत्सव का शुभारंभ हुआ।
- भोपाल से कांग्रेस विधायक आरिफ मसूद ने वक्फ संपत्ति के सर्वे को रूकवाने के लिए संयुक्त संसदीय समिति के अध्यक्ष जगदंबिका पाल को पत्र लिखा है।
  और
- शहडोल जिले में बेटियों के प्रति संवेदनशीलता एवं जागरूकता का भाव जगाने के लिए 24 जनवरी से 8 मार्च तक विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

-------------------------------------------